an>

Title: Need to develop the forest located along the bank of river Gomti in Rudoli Tehsil, Faizabad, U.P. as a Deer sanctuary.

श्री लल्लू सिंह (फ़ैज़ाबाद) : अध्यक्ष महोदया, राष्ट्रीय जंगल नीति के तहत भौगोलिक भूमि का 33 प्रतिशत भूमि जंगल में होना आवश्यक है। लेकिन गत वर्षों में विकास की अंधी दौड़ में इसका सुंलन बिगड़ा है, जिसके कारण मानव, वनस्पति, जीव और जंतु सभी के लिए खतरा पैदा हुआ है। इस देश का सबसे बड़ा भू-भाग उत्तर प्रदेश की भौगोलिक भूमि 2 लाख 40 हज़ार 928 वर्ग किलोमीटर है, जहां पर आरक्षित जंगल केवल 11 हज़ार 660 वर्गकिलोमीटर है। हमारे लोक सभा क्षेत्र के रूदौली तहसील में, रूदौली ब्लाक और अमानीगंज ब्लाक के बीच में 40 वर्ग किलोमीटर का एक सुरम्य जंगल है, जिसमें हिरण की सभी प्रजातियां पाई जाती हैं। हमारा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से यह आग्रह है कि हिरण प्रजाति के संरक्षण के लिए, उस जंगल को राष्ट्रीय हिरण अभ्यारण के रूप में घोषित करने का कष्ट किया जाए। हमारा आपसे यही आपसे निवेदन है।